समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# फ्री मे शेयर पाने का शानदार मौका, VRL लॉजिस्टिक्स ने किया बोनस शेयर का ऐलान ; जाने कब है रिकॉर्ड डेट ?

Publisher

Published on 30 Jun 2025



## 30 जून को कंपनी के शेयर मे 4% की तेजी, 4 जुलाई को होगी बोर्ड मीटिंग, पहली बार बांटे जाएंगे बोनस शेयर।

**मुंबई : लॉजिस्टिक्स सेक्टर की दिग्गज कंपनी वीआरएल लॉजिस्टिक्स** (VRL Logistics) ने अपने निवेशकों के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। कंपनी पहली बार अपने **शेयरधारकों को बोनस शेयर (Bonus Shares)** देने जा रही है। इस खबर के चलते सोमवार, **30 जून को कंपनी के शेयरों मे 4 प्रतिशत** से ज्यादा की उछाल देखी गई और यह **597 रुपये प्रति शेयर** तक पहुंच गया।

कंपनी की बोर्ड मीटिंग **4 जुलाई 2025** को होगी, जिसमें **बोनस शेयर** जारी करने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

**क्या होता है बोनस शेयर ?**
**बोनस शेयर** वे अतिरिक्त शेयर होते हैं जो कंपनी अपने मुनाफे या **रिजर्व फंड** से मौजूदा **शेयरहोल्डर्स** को मुफ्त में देती है। यह निवेशकों के लिए एक तरह का रिवॉर्ड होता है। इससे न केवल **कंपनी की ब्रांड वैल्यू** बढ़ती है बल्कि निवेशकों का भरोसा भी मजबूत होता है।

**बोनस शेयर** मिलने के लिए जरूरी है कि **निवेशक रिकॉर्ड डेट** से पहले कंपनी के शेयर खरीद लें। एक्स-डेट के बाद खरीदे गए शेयरों पर बोनस नहीं मिलता।

**2023 मे किया था बायबैक, अब बोनस**

**VRL लॉजिस्टिक्स** ने 2023 में **61 करोड़ रुपये** के शेयरों का बायबैक किया था। लेकिन यह पहली बार होगा जब **कंपनी बोनस शेयर** का ऐलान कर रही है। हालांकि, **रिकॉर्ड डेट** अब तक घोषित नहीं की गई है।

**शेयर मे आंई उछाल और आंकड़े**

१. **30 जून 2025 को शेयर 597 रुपये पर बंद हुआ**
२. **3 जुलाई 2020 को शेयर की कीमत थी 160.65 रुपये**
३. **बीते 4 वर्षों मे 110% से ज्यादा की तेजी**
४. **कंपनी के प्रमोटर्स की हिस्सेदारी : 60.24% (मार्च 2025)**
५. **मार्केट कैप : लगभग 5106 करोड़ रुपये**

**1 ट्रक से शुरू हुई थी कंपनी, आज 6177 गाड़ियां**

1976 में **विजय संकेश्वर** द्वारा स्थापित **VRL लॉजिस्टिक्स** का सफर एक ट्रक से शुरू हुआ था। आज कंपनी के पास **6,177 कमर्शियल व्हीकल्स** हैं और इसे भारत की **ट्रांसपोर्ट इंडस्ट्री** का मजबूत स्तंभ माना जाता है। **विजय संकेश्वर** को 'ट्रकिंग किंग' भी कहा जाता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.